# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रतापगढ़।

संख्याः 253/निर्वाचन–2020 दिनांक 19 जून, 2020

मे0 डाटालाइव कम्प्यूटर टेक्नालाजी,
प्रयागराज।

विषयः–**मण्डी समिति महुली में बने वेयरहाउस में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा को ठीक कराने के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मण्डी समिति, महुली, प्रतापगढ़ में बने अस्थायी वेयरहाउस में ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट रखी गयी है जिसकी सुरक्षा हेतु वेयरहाउस के चारो तरफ सी0सी0टी0वी0 कैमरा आप द्वारा लगाया गया है ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट में सुरक्षा व्यवस्था में नियुक्त सुरक्षा कर्मी द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरा मानीटर पर प्रदर्शित नहीं हो पा रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित होकर सम्बन्धित पटल सहायक से सम्पर्क स्थापित करते हुए मण्डी समिति महुली में बने अस्थायी वेयरहाउस में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा के मानीटर में उत्पन्न खराबी को ठीक कराना सुनिश्चित करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
प्रतापगढ़।

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2–प्रभारी अधिकारी– ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3–पटल सहायक–ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4–ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट में लगे कर्मी को इस निर्देश के साथ कि अपनी देख–रेख में सम्बन्धित वेन्डर की उपस्थिति में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
प्रतापगढ़।